पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# प्रधानमंत्री ने जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर में उ0प्र0 की राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 11,200 करोड़ रु0 की लागत से निर्मित नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट (प्रथम चरण) का उद्घाटन किया

**कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण तथा मेन्टिनेन्स, रिपेयर व ओवरहॉल सुविधा का शिलान्यास किया**

**नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट लोगों की अमानत, भविष्य और पुरुषार्थ, यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को उड़ान देने का कार्य करेगा, आज विकसित भारत–विकसित उ0प्र0 की दिशा में नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा : प्रधानमंत्री**

**यह एयरपोर्ट पश्चिमी उ0प्र0 के किसानों, छोटे एवं लघु उद्योगों और यहां के युवाओं के लिए नये अवसर लाया**

**यह एयरपोर्ट जनपद आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलन्दशहर, फरीदाबाद सहित सम्पूर्ण क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ देने वाला**

**देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 160 हुई तथा उ0प्र0 में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 17 पहुंची**

**देश के छोटे–छोटे शहरों में भी हवाई कनेक्टिविटी, डबल इंजन सरकार ने सामान्य नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को आसान बनाया**

**विगत कुछ वर्षों में उड़ान योजना के अन्तर्गत 1.60 करोड़ से अधिक देशवासियों ने सस्ती दरों पर हवाई यात्रा की, उड़ान योजना के विस्तार के लिए लगभग 29 हजार करोड़ रु0 स्वीकृत**

**आगामी वर्षों में देश के छोटे शहरों में 100 नये एयरपोर्ट और 200 नये हेलीपैड बनाये जाएंगे, उ0प्र0 को इससे बहुत लाभ होगा**

**भारत में बड़े पैमाने पर एम0आर0ओ0 सुविधाओं का विकास हो रहा, यहां एम0आर0ओ0 सुविधा का शिलान्यास किया गया**

**भारत ने संकट के समय में भी अपने तीव्र विकास को जारी रखा, पश्चिमी उ0प्र0 में पिछले कुछ सप्ताह में एयरपोर्ट का उद्घाटन चौथा बड़ा प्रोजेक्ट, जिसका शिलान्यास या लोकार्पण किया गया**

**इस कालखण्ड में नोएडा में विशाल सेमीकण्डक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास, देश की पहली दिल्ली–मेरठ नमो भारत ट्रेन की शुरुआत तथा मेरठ मेट्रो रेल का विस्तार हुआ**

**यह सभी प्रोजेक्ट उ0प्र0 के विकास के लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों का शानदार उदाहरण**

**पश्चिमी उ0प्र0 का यह क्षेत्र देश के दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का हब बन रहा**

**मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के कारण उ0प्र0 दुनिया भर के निवेशकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण बन रहा**

**पश्चिमी उ0प्र0 के किसानों के गन्ने से निर्मित एथेनॉल से कच्चे तेल पर निर्भरता कम हुई**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आज 'नये भारत का नया उ0प्र0' नया उद्‌घोष कर रहा कि जब संकल्प मजबूत, साहस अडिग तथा आत्मविश्वास अटल हो तो कोई लक्ष्य दूर नहीं : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी ने हमें हमेशा प्रेरित किया कि जो भी करना, बड़ा करना व बड़ा सोचना, बड़ा बनने की दिशा में हमेशा अग्रसर रहना, नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट इसी संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने की परिणति**

**नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का रन–वे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का आधार बनेगा, बल्कि यह एयरपोर्ट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड भी**

**यहां के अन्नदाता किसानों ने इस इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में महती भूमिका निभायी**

**सीमलेस, सस्टेनेबल तथा स्मार्ट, एविएशन फ्यूल, इनफ्लाइट किचन फैसिलिटी, एम0आर0ओ0 के साथ ही आधुनिक डिजिटल और ऊर्जा संरक्षण पर केन्द्रित यह एयरपोर्ट 'ईज ऑफ जर्नी' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा**

**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया**

**मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उ0प्र0 अब उत्तम प्रदेश और उड्डयन प्रदेश बन रहा : केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री**

**भगवान श्रीराम मन्दिर की स्थापना से लेकर कानून–व्यवस्था को सशक्त करने तक उ0प्र0 का नया स्वरूप सम्पूर्ण देश को प्रेरित कर रहा**

**लखनऊ : 28 मार्च, 2026**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति में 11,200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट (प्रथम चरण) का उद्‌घाटन व कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया। उन्होंने मेन्टिनेन्स, रिपेयर व ओवरहॉल (एम0आर0ओ0) सुविधा का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट लोगों की अमानत, भविष्य और पुरुषार्थ है। यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को उड़ान देने का कार्य करेगा। आज विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे अधिक एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। इस एयरपोर्ट का शिलान्यास और उद्‌घाटन करना मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता का कारण है। जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे सांसद बनाया, उसकी पहचान के साथ अब इस नये एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह एयरपोर्ट जनपद आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलन्दशहर, फरीदाबाद सहित सम्पूर्ण क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ देने वाला है। यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे एवं लघु उद्योगों और यहां के युवाओं के लिए

नये अवसर लेकर आया है। यहां से दुनिया के लिए तो विमान उड़ेंगे ही, साथ ही, यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकसित उत्तर प्रदेश बनने की उड़ान का प्रतीक भी बनेगा। आज का कार्यक्रम भारत के नये मिजाज का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि किसी भी देश में एयरपोर्ट एक सामान्य सुविधा मात्र ही नहीं, बल्कि यह प्रगति को नई उड़ान देते हैं। वर्ष 2014 के पूर्व, देश में मात्र 74 एयरपोर्ट थे, आज यह संख्या 160 हो गयी है। अब महानगरों के अलावा देश के छोटे–छोटे शहरों में भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। डबल इंजन सरकार ने सामान्य नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को आसान बनाया है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डो का तेजी से विस्तार करते हुए उनकी संख्या बढ़ाकर 17 तक पहुंचा दी है। सरकार का यह प्रयास रहा है कि एयरपोर्ट भी बने और किराया भी सामान्य नागरिकों की पहुंच में रहे।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 'उड़ान' योजना के कारण विगत कुछ वर्षों में 01 करोड़ 60 लाख से अधिक देशवासियों ने टिकट लेकर सस्ती दरों पर हवाई यात्रा की है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने उड़ान योजना को और विस्तार देने के लिए लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। आगामी वर्षों में इसके अन्तर्गत छोट–छोटे शहरों में 100 नये एयरपोर्ट और 200 नये हेलीपैड बनाये जाएंगे। उत्तर प्रदेश को भी इससे बहुत लाभ होगा। भारत का एविएशन सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। भारत में एयरपोर्ट की संख्या बढ़ने के साथ–साथ नये जहाजों की जरूरत बढ़ रही है। इसलिए देश की विभिन्न एयरलाइन्स ने सैकड़ों नये जहाजों के ऑर्डर दिये हैं। नये जहाजों को उड़ाने, इनमें सर्विस देने और मेन्टिनेन्स आदि से जुड़े कार्यों के लिए बहुत अधिक वर्कफोर्स की आवश्यकता होगी। यह युवाओं के लिए बहुत बड़ा अवसर है। सरकार इसके लिए एविएशन सेक्टर में ट्रेनिंग की सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पहले देश में हवाई जहाजों की मेन्टिनेन्स, रिपेयर व ओवरहॉल की पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। सरकार ने निश्चय किया है कि भारत को एम0आर0ओ0 सेक्टर में भी आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। अब भारत में ही बड़े पैमाने पर एम0आर0ओ0 सुविधाओं का विकास हो रहा है। आज यहां एम0आर0ओ0 सुविधा का शिलान्यास किया गया है। यह सुविधा तैयार होने के उपरान्त देश व विदेश के विमानों को सुविधा प्रदान करेगी। इससे देश को कमाई होने के साथ ही देश का पैसा देश में ही रहेगा तथा युवाओं को अनेक रोजगार प्राप्त होंगे।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पश्चिम एशिया में 01 माह से युद्ध चल रहा है। आज पूरा विश्व चिन्तित है। इसके कारण कई देशों में खाने–पीने के सामानों, पेट्रोल, डीजल, गैस एवं खाद जैसी कई जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। प्रत्येक देश इस संकट का सामना करने के लिए प्रयत्न कर रहा है। भारत भी इस संकट का देशवासियों की ताकत के भरोसे से पूरी शक्ति के साथ मुकाबला कर रहा है। भारत बहुत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व गैस युद्ध प्रभावित देशों से आयात करता है। सरकार इसके लिए कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर इस संकट का बोझ न पड़े।

भारत ने संकट के समय में भी अपने तीव्र विकास को जारी रखा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सप्ताह में एयरपोर्ट का उद्घाटन चौथा बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसका शिलान्यास या लोकार्पण किया गया है। इस कालखण्ड में नोएडा में विशाल सेमीकण्डक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास, देश की पहली दिल्ली–मेरठ नमो भारत ट्रेन की शुरुआत तथा मेरठ मेट्रो रेल का विस्तार हुआ। यह सभी प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश के विकास के लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों का शानदार उदाहरण है। सेमीकण्डक्टर फैक्ट्री भारत को तकनीकी में आत्मनिर्भर बना रही है। मेरठ मेट्रो और नमो भारत रेल तेज और स्मार्ट कनेक्टिविटी दे रही हैं। जेवर एयरपोर्ट सम्पूर्ण उत्तर भारत को दुनिया से जोड़ रहा है। यहां से प्रत्येक 02 मिनट में एक जहाज उड़ान भरेगा।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज नोएडा, प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है। यह एयरपोर्ट डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति का बहुत अच्छा उदाहरण है। इस एयरपोर्ट के लिए श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2003 में मंजूरी प्रदान की थी। केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने इसका निर्माण कराया और आज इसका संचालन प्रारम्भ हो गया है। एयरपोर्ट के अतिरिक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र देश के दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का हब बन रहा है।

यह फ्रेट कॉरिडोर माल गाड़ियों के लिए बिछायी गयी स्पेशल पटरियां हैं। इससे उत्तर भारत की पश्चिम बंगाल और गुजरात के समुद्र से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। दादरी में यह दोनों कॉरिडोर आपस में मिलते हैं। अब यहां के किसानों की उपज और उद्योगों के उत्पाद जमीनी और हवाई मार्ग से दुनिया के कोने–कोने तक तेजी से पहुंच सकेंगे। इस मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के कारण उत्तर प्रदेश दुनिया भर के निवेशकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण बन रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि नोएडा का क्षेत्र आज पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह सम्पूर्ण क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के मॉडल को सशक्त बना रहा है। इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में कृषि का बहुत महत्व है। सरकार उन किसानों का विशेष आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट को साकार करने के लिए अपनी जमीनें दी हैं। किसानों के इस योगदान से सम्पूर्ण क्षेत्र में विकास का नया दौर शुरू होने जा रहा है। आधुनिक कनेक्टिविटी के विस्तार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग को और बल मिलेगा। अब यहां के कृषि उत्पाद दुनिया के बाजारों में बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों के गन्ने से निर्मित एथेनॉल से कच्चे तेल पर निर्भरता कम हुई है। अगर एथेनॉल का उत्पादन न बढ़ता और पेट्रोल में उसकी ब्लेंडिग न बढ़ती तो देश को प्रत्येक वर्ष साढ़े चार करोड़ बैरल अर्थात लगभग 700 करोड़ लीटर कच्चा तेल विदेशों से आयात करना पड़ता। किसानों के परिश्रम ने देश को संकट के समय में बहुत बड़ी राहत दी है। एथेनॉल से देश को लाभ होने के साथ ही, किसानों को भी बहुत बड़ा लाभ हुआ है। इससे लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। सरकार के प्रयासों से गन्ना किसानों की स्थिति बेहतर हुई है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिकों को सुविधा प्रदान करना है। देश के नागरिकों का समय और धन बचाना सरकार का लक्ष्य है। मेट्रो और नमो भारत रेल का इसी भाव के साथ विस्तार किया जा रहा है। अब तक नमो भारत रेल में ढाई करोड़ से अधिक लोग सफर कर चुके हैं। दिल्ली और मेरठ के मध्य जिस सफर में पहले घण्टों का समय लगता था, अब वह मिनटों में पूरा हो रहा है। विकसित भारत के विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकार अभूतपूर्व निवेश कर रही है। विगत 11 वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का बजट 06 गुना से अधिक बढ़ाया गया है। इस अवधि में 17 लाख करोड़ रुपये हाईवे और एक्सप्रेस–वे पर खर्च किये गये हैं। 01 लाख कि0मी0 से अधिक लम्बाई के हाईवे का निर्माण किया गया है।

वर्ष 2014 तक देश में मात्र 20 हजार कि0मी0 के रेल रूट का बिजलीकरण हुआ था, जबकि इसके बाद से 40 हजार कि0मी0 के रूट का बिजलीकरण किया गया है। आज ब्रॉडगेज का लगभग शतप्रतिशत बिजलीकरण हो चुका है। कश्मीर घाटी और पूर्वोत्तर भारत की राजधानियां पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ रही हैं। बंदरगाहों की क्षमता बीते दशक में दोगुना से अधिक हुई है। देश में नदी जलमार्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विकसित भारत के निर्माण के लिए आवश्यक प्रत्येक क्षेत्र में देश तेजी से कार्य कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी का प्रयास आवश्यक है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह आवश्यक है कि 140 करोड़ देशवासी कड़ा परिश्रम करें और वैश्विक संकटों का एकजुट होकर सामना करें। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के संकट के बारे में संसद में विस्तार से बताया गया है। विगत दिवस सभी मुख्यमंत्रियों से इस सम्बन्ध में सकारात्मक चर्चा हुई। हमें शांत मन से धैर्य व एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करना है। इस वैश्विक संकट के समय हमें अपने देश की चिंता करनी है। यही भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत है। जो भारत और भारतीयों के हित में है, वही भारत की रणनीति है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आज 'नये भारत का नया उत्तर प्रदेश' नया उद्घोष कर रहा है कि जब संकल्प मजबूत, साहस अडिग तथा आत्मविश्वास अटल हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। प्रधानमंत्री जी ने हमें हमेशा प्रेरित किया है कि जो भी करना है, बड़ा करना व बड़ा सोचना है। बड़ा बनने की दिशा में हमेशा अग्रसर रहना है। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट इसी संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने की परिणति है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का रन–वे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का आधार बनेगा, बल्कि यह एयरपोर्ट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड भी बनेगा। यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के निवेश, व्यापार तथा औद्योगिक विकास को उत्कर्ष तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार सृजन का माध्यम बनेगा। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में ज्यूरिक इण्टरनेशनल एयरपोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। जेवर एयरपोर्ट प्रदेश को ग्लोबल कनेक्टिविटी का केन्द्र बनाते हुए तथा यमुना एक्सप्रेस–वे एवं भविष्य में दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस–वे, ईस्टर्न पेरीफेरल–वे, गंगा एक्सप्रेस–वे, आर0आर0टी0एस0, दिल्ली–वाराणसी हाईस्पीड रेल लाइन जैसे नेटवर्क को जोड़ते हुए प्रदेश

को स्केल व स्पीड के साथ विकास की अप्रतिम ऊंचाई तक ले जाएगा। अभी से नोएडा–ग्रेटर नोएडा में व्यापक निवेश की सम्भावनाओं के प्रस्ताव मिलने प्रारम्भ हो गये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अभी इस एयरपोर्ट का एक रन–वे प्रारम्भ हो रहा है। आगामी कुछ वर्षों में दूसरा रन–वे शुरु होगा। इस प्रकार कुल 05 रन–वे इस एयरपोर्ट से जुड़ेंगे, जिससे यह एक बड़े तथा ग्लोबल एयरपोर्ट के रूप में स्वयं को स्थापित करने में सफल होगा। प्रधानमंत्री जी की संकल्पना 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' तथा 'आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' निर्माण के लिए इस प्रकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर आज की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत दिनों प्रधानमंत्री जी ने इसी एयरपोर्ट के पास सेमीकण्डटर चिप निर्माण यूनिट की आधारशिला रखी थी। यहां अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। एपेरल, मेडिकल डिवाइस, टॉय, एम0एस0एम0ई0, हैण्डीक्रॉफ्ट पार्क सहित अनेक प्रकार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से निवेश के साथ–साथ रोजगार की व्यापक सम्भावनाएं सृजित हो रही हैं। यहां डाटा सेन्टर से सम्बन्धित इकाई स्थापित हो रही हैं। आने वाले दिनों में यहां अत्याधुनिक फिन्टेक सिटी का निर्माण इस क्षेत्र को विकास व रोजगार की नई सम्भावनाओं से जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री जी ने किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के अन्नदाता किसानों ने इस इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में महती भूमिका निभायी है। प्रदेश सरकार द्वारा जब किसानों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास कार्यक्रम से जोड़ा गया, तो किसानों ने 13 हजार एकड़ लैण्ड इस एयरपोर्ट के लिए उपलब्ध करायी। किसानों ने एयरपोर्ट निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया में साकार योगदान देते हुए यहां के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।

सीमलेस, सस्टेनेबल तथा स्मार्ट, एविएशन फ्यूल, इनफ्लाइट किचन फैसिलिटी, एम0आर0ओ0 के साथ ही आधुनिक डिजिटल और ऊर्जा संरक्षण पर केन्द्रित यह एयरपोर्ट 'ईज ऑफ जर्नी' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डेडीकेटेड मल्टी मॉडल कार्गो हब का निर्माण होने से उत्तर प्रदेश लैण्ड लॉक्ड की लिमिटेशन से बाहर निकल कर लैण्डमार्क ग्रोथ के साथ ग्लोबल मार्केट तक अपनी आसान पहुंच बनाने में सफल होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 12 वर्षों से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश प्रथम व दूरदर्शी सोच के भाव से बनी भारत की कार्य योजना धरातल पर उतर रही है। नये भारत को विकसित भारत की दिशा अग्रसर करने हेतु उठाये गये कदम देश के प्रत्येक सेक्टर में देखने को मिल रहे हैं। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट इसी श्रृंखला का हिस्सा है। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के माध्यम से उत्तर प्रदेश की उड़ान को नई ऊंचाई प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री जी ने 25 नवम्बर, 2021 को इस एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हम सभी के समक्ष प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। प्रधानमंत्री जी के कर–कमलों द्वारा नवनिर्माण की इस नई इकाई का लोकार्पण होने जा रहा है। यह नवसृजन उत्तर प्रदेश को ग्लोबल एविएशन के

मानचित्र पर नये सिरे से प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में विगत 12 वर्षों में देश ने व विगत 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास की तीव्र गति प्राप्त की है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश बॉटलनेक स्टेट से ब्रेकथ्रू स्टेट के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कल पूरे देश में रामनवमी पर्व उत्सव और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। वर्तमान में पूरी दुनिया में अव्यवस्था तथा अराजकता का वातावरण है। अमेरिका जैसे विकसित देशों सहित सम्पूर्ण विश्व में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत के पड़ोसी देशों में पेट्रोलियम पदार्थों का अत्यन्त अभाव है। इन देशों में कार्य की अवधि को कम करना तथा उत्पादन को रोकना पड़ रहा है। कोटा सिस्टम लागू करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों की ओर से पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जनता को राहत प्रदान करने के साथ–साथ देश को विकास की नई ऊंचाइयां प्रदान करने की श्रृंखला का हिस्सा है। वर्तमान परिस्थितियों में भी भारत में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य नियंत्रित तथा आपूर्ति निर्बाध रूप से चल रही है।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश और उड्डयन प्रदेश बन रहा है। उन्होंने यहां अपराध कम करके कॉमर्स, कन्फ्यूजन कम कर कनेक्टिविटी तथा भ्रष्टाचार को हटाकर विश्वास बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भगवान श्रीराम मन्दिर की स्थापना से लेकर कानून–व्यवस्था को सशक्त करने तक उत्तर प्रदेश का नया स्वरूप सम्पूर्ण देश को प्रेरित कर रहा है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की धड़कन राजधानी दिल्ली को आज जेवर एयरपोर्ट के रूप में दूसरी धड़कन मिली है। जेवर एयरपोर्ट अपने 04 कि0मी0 लम्बे रनवे के साथ अन्तरराष्ट्रीय हवाई यात्रा के लिए पूरी तरह सक्षम है। जेवर एयरपोर्ट पर आते ही लोगों को यहां की पहचान की अनुभूति होगी। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में यह जेवर केवल एयरपोर्ट ही नहीं, बल्कि एयरोट्रोपोलिस की तरह भी विकसित होगा। यहां पर एयर कार्गो की सुविधा से यहां का उत्पाद देश और दुनिया की बाजारों तक पहुंच सकेगा।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने एविएशन सेक्टर को बढ़ावा दिया है। इसका लाभ आम आदमी को भी मिला है, क्योंकि आम आदमी ही प्रधानमंत्री जी के लिए खास आदमी है। उन्होंने 8900 से अधिक दिनों से बिना थके और बिना रुके देश की जनता की सेवा की है।

ज्ञातव्य है कि नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन भारत के वैश्विक विमानन केन्द्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन0सी0आर0) के लिए एक प्रमुख अन्तरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित यह हवाई अड्डा, देश के हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षेत्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्पर्क को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली एन0सी0आर0 क्षेत्र के

लिए दूसरे अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो इन्दिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक है। यह दोनों हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे भीड़ कम होगी, यात्री क्षमता बढ़ेगी और दिल्ली एन0सी0आर0 को वैश्विक विमानन केंद्रों में अग्रणी स्थान प्राप्त होगा।

नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पी0पी0पी0) मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारम्भिक चरण में हवाई अड्डे की यात्री संचालन क्षमता 12 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एम0पी0पी0ए0) होगी, जो हवाई अड्डे के पूर्ण विकसित होने तक 70 एम0पी0पी0ए0 तक हो जाएगा। इसमें 3,900 मीटर लम्बा रनवे है, जो बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम है। इसके साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आई0एल0एस0) और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग सहित आधुनिक नेविगेशन सिस्टम हैं, जो हर मौसम में दिन–रात संचालन में कुशल है।

इस हवाई अड्डे में एक सुदृढ़ कार्गो प्रणाली भी शामिल है, जिसमें एक मल्टीमोडल कार्गो हब, इंटीग्रेटेड कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स जोन शामिल हैं। कार्गो सुविधा को प्रति वर्ष 2.5 लाख मीट्रिक टन से अधिक माल ढुलाई के लिए तैयार किया गया है, जिसे लगभग 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें 40 एकड़ का एक समर्पित रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहाल (एम0आर0ओ0) सुविधा क्षेत्र भी शामिल है।

नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक सतत और भविष्य के लिए तैयार अवसंरचना परियोजना के रूप में तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा–कुशल प्रणालियों और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं को जोड़ते हुए शून्य उत्सर्जन वाली सुविधा के रूप में संचालित होना है। इसकी स्थापत्य शैली भारतीय विरासत से प्रेरित है, जिसमें पारम्परिक घाटों और हवेलियों की याद दिलाने वाले तत्व शामिल हैं जिससे सांस्कृतिक सौन्दर्यशास्त्र आधुनिक अवसंरचना के साथ मिश्रित होता है।

यमुना एक्सप्रेस–वे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के निर्बाध जुड़ाव के साथ एक बहु–मोडल परिवहन केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है, जो यात्रियों और माल ढुलाई के लिए कुशल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

इस अवसर पर केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री पंकज चौधरी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', लोक निर्माण राज्यमंत्री श्री बृजेश सिंह, सांसद डॉ0 महेश शर्मा व श्री सुरेन्द्र सिंह नागर, विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह, श्री पंकज सिंह, श्री तेजपाल नागर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

———————

***PN-CM- PM-Noida International Airport Inauguration-28 March, 2026***